पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**15 सितंबर 2022**

# पीएफसी को राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार

विद्युत क्षेत्र में देश की अग्रणी एनबीएफसी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) को द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन तथा हिंदी दिवस समारोह 2022 के अवसर पर राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए 'क' क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2021-22 के लिए सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति' तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मेलन गुजरात के सूरत शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह थे। गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल, माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा एवं माननीय गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।



यह पुरस्कार निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों को माननीय उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति श्री भर्तृहरि महताब एवं डॉ. सत्य नारायण जटिया, पूर्व उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर निगम के निदेशक (वाणिज्यिक) श्री मनोज शर्मा भी उपस्थित थे।

पीएफसी के सीएमडी श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने पर पीएफसी के सभी अधिकारियों और कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि यह पुरस्कार उन्हें भविष्य में हिंदी में और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा।

हस्ता/-
**(एस. एस. राव)**
**मुख्य महाप्रबंधक (जन-संपर्क)**